हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
मेट्रो सिटी
नागपुर, गुरुवार, 30 जनवरी 2025

## चाकू लेकर हुडदंग मचाते युवक गिरफ्तार



**नागपुर.** नंदनवन पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक लोहे का बड़ा चाकू बरामद किया है।

घटना श्रीकृष्ण नगर चौक की है, जहां नंदनवन पुलिस की पेट्रोलिंग टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक युवक हाथ में धारदार हथियार लेकर हुडदंग मचा रहा था। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सिद्धांत अनिल पिल्लेवान (23) शास्त्रीनगर निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

# गुमराह ताकतों के खिलाफ सतर्क रहें

## मुख्यमंत्री फड़णवीस ने विद्यार्थी परिषद से शहरी नक्सलवाद के खिलाफ लड़ने की अपील की

**नागपूर.**

नागपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विदर्भ प्रांत अधिवेशन में मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने अहम मुद्दे उठाए. इस बात पर चिंता व्यक्त करते हुए कि विश्वविद्यालय परिसर अराजकता के प्रमुख केंद्र बनते जा रहे हैं, उन्होंने युवाओं से गुमराह ताकतों के खिलाफ सतर्क रहने का आग्रह किया।

रेशिमबाग मैदान के स्मृति मंदिर क्षेत्र में आयोजित इस सम्मेलन में विदर्भ के 550 कॉलेजों के 2000 छात्र प्रतिनिधियों ने भाग लिया.



माओवादी केंद्रों से हिंसक तरीकों से संविधान को अपनाया जा रहा है, वहीं कुछ ताकतें अब उन्हीं विचारों को शहरी क्षेत्रों, खासकर शैक्षणिक संस्थानों में फैलाने की कोशिश कर रही हैं। युवाओं में अवसाद पैदा करने और संवैधानिक संस्थाओं से उनका विश्वास डिगाने का प्रयास किया जा रहा है।

दिलचस्प बात यह है कि मुख्यमंत्री ने कॉलेज चुनाव पर विचार करने की घोषणा की है. उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार राज्य मंत्री पायल किनाके द्वारा उठाए गए मुद्दे पर सकारात्मक विचार करने के बाद नया नेतृत्व तैयार करने के लिए चुनाव फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार करेगी।

मुख्यमंत्री ने नई शिक्षा नीति का भी जिक्र किया, जो भारतीय मूल्यों और संस्कृति को प्राथमिकता देती है. उन्होंने विद्यार्थी परिषद से भटके हुए युवाओं को राष्ट्रीय धारा में लाने की अपील की।



नेशनल मीडिया फाउंडेशन, नई दिल्ली ने राष्ट्रीय पत्रकारिता स्थापना दिवस सम्मान समारोह के 52वें राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन बुधवार को नागपुर में किया. इस अधिवेशन में नागपुर मेट्रो समाचार और बीसीएन न्यूज के संपादक इमरान शेख को लोकमत मीडिया ग्रुप के चीफ विजय दर्डा ने स्मृतिचिन्ह देकर गौरवान्वित किया, साथ में विधायक कृपाल तुमाने, विधायक अभिजीत वंजारी, नैशनल मीडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, महाराष्ट्र मीडिया फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष अमोल गुजर और जेम्स एंड ज्वेलरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष राजेश रोकड़े के अलावा अनेक मान्यवर पदाधिकारी उपस्थित थे. इस कार्यक्रम में नागपुर के अनेक वरिष्ठ पत्रकारों का भी सम्मान किया गया.

# 12 फीसदी लाभार्थियों को नहीं मिला राशन

**नागपुर.** राज्य के नागरी आपूर्ति विभाग ने नया एप लाने से काम की गति बढ़ने की बजाय धीमी हो गई है। एप धीमी गति से काम करने से लाभार्थियों को अनाज वितरित करने में देरी हो रही है। दिसंबर महीने में 7 फीसदी लाभार्थियों को सरकारी अनाज नहीं मिल सका था। विवाद बढ़ने पर सरकार ने 2 दिन का अतिरिक्त समय दिया था, लेकिन यह नाकाफी रहा। जनवरी खत्म होने में केवल 3 दिन शेष हैं और अभी भी



12 फीसदी लाभार्थियों को अनाज नहीं मिल सका है। तीन दिन में 4-5 फीसदी लाभार्थी अनाज उठा सकेंगे, लेकिन सभी को अनाज वितरित होना मुश्किल है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली का सारा काम ऑनलाइन होने से प्वाइंट आफ सेल (पॉस) मशीन पर अंगूठा मैच किए बिना अनाज वितरित नहीं होता। काम में तेजी लाने व अधिक पारदर्शिता के लिए सरकार ने नया एप लाया है। यह एप धीमी गति से चलने से लाभार्थियों को अनाज वितरण करने में काफी समय लग रहा है। अनाज वितरण में हो रही देरी के कारण कई बार लाभार्थियों का राशन दुकानदारों से विवाद होता है। लाभार्थी राशन दुकानदारों को संदेह की नजर से देखते हैं। पिछले महीने राशन दुकानदार संगठन ने कैरी फारवर्ड सुविधा देने की मांग की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। कैरी फारवर्ड यानी इस महीने का अनाज अगले महीने उठा सकते हैं। एप इस महीने भी धीमी गति से काम कर रहा है। जनवरी खत्म होने में केवल 2 दिन शेष है और इतनी कम अवधि में सभी लाभार्थियों को अनाज मिलना मुश्किल है। इस बार भी 7-8 फीसदी लाभार्थी सरकारी अनाज से वंचित रहने की आशंका है।

सुभाष मुसले, अध्यक्ष राशन दुकानदार संघ के मुताबिक पिछले महीने 7 फीसदी लाभार्थियों को अनाज वितरित नहीं हो सका। सरकार ने केवल 2 अतिरिक्त दिन दिए थे, जो पर्याप्त नहीं थे। कैरी फारवर्ड की मांग खारिज कर दी गई थी। यह पॉलिसी मैटर होने से अधिकारी दखल नहीं दे सकते। इस महीने भी एप धीमी गति से चल रहा।

## वरिष्ठ गांधीवादी विचारक एडवोकेट मारोतराव मल्हारराव गडकरी का निधन

### > मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जताया दुख



**नागपुर.** वरिष्ठ गांधीवादी विचारक एडवोकेट मारोतराव मल्हारराव गडकरी का बुधवार 29 जनवरी को सुबह 10 बजे वृद्धावस्था के कारण दाभा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। उनकी मृत्यु के समय वह 92 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 30 तारीख को सुबह 10 बजे अंबाझरी घाट पर होगा।

अधिवक्ता गडकरी के पार्थिव शरीर को आज शाम 4 बजे से ओल्ड गुरुकुल, 268, गवर्नमेंट प्रेस स्टाफ कॉलोनी दाभा में दर्शन के लिए रखा जाएगा। गुरुवार सुबह 9.30 बजे यहां से अंतिम यात्रा निकलेगी। गडकरी के परिवार में पत्नी सुधाताई, पुत्र वकील वंदन गडकरी, तीन बेटियां आरती, अर्चना और महाराष्ट्र वित्त सेवा की सेवानिवृत्त निदेशक भारती ज़ादे और दामाद वरिष्ठ पत्रकार विकास ज़ादे और बड़ा परिवार है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्वर्गीय मारोतराव गडकरी निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर संवेदना व्यक्त करते हुए लिखा, "वरिष्ठ न्यायविद् एवं विचारक एडवोकेट मा म गडकरी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। वे लम्बे समय तक आचार्य विनोबाजी भावे के भूदान यज्ञ मण्डल के अध्यक्ष रहे। शिक्षा, स्वावलंबन, स्वच्छता, जाति व्यवस्था उन्मूलन जैसे कई क्षेत्रों में उनका काम महान था। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा, "राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज की प्रेरणा से गुरुदेव सेवा मंडल के माध्यम से भी एक महान कार्य स्थापित किया गया। मैं उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम उनके परिवार का दुख साझा करते हैं।

## नगर निगम की 'फूल महोत्सव 2025' प्रदर्शनी को उत्साहजनक प्रतिसाद

**नागपुर.** नागपुर महानगरपालिका के उद्यान विभाग द्वारा शहर के विभिन्न उद्यानों में आयोजित 'पुष्प महोत्सव 2025' प्रदर्शनी को नागरिकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। नगर आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त आयुक्त आंचल गोयल के नेतृत्व में उद्यान विभाग द्वारा शहर के 15 प्रमुख पार्कों में 25 जनवरी से 2 फरवरी तक 'पुष्पोत्सव 2025' का आयोजन किया गया है। शहर के 15 पार्कों में आए नागरिकों ने 'पुष्प महोत्सव' प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा विभिन्न पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की। नागरिकों को मध्य भारत में पाए जाने वाले देशी वृक्षों के विभिन्न उपयोगों के बारे में जानकारी दी गई। नगर निगम पार्क में आयोजित मनमोहक 'फूल महोत्सव' प्रदर्शनी पर नागरिकों ने अपनी खुशी व्यक्त की, जिसमें विभिन्न प्रकार के सजावटी फूल, आकर्षक पुष्प सज्जा, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, तथा पार्क के किनारे वृक्षारोपण के लिए कृत्रिम फूल आदि उपलब्ध कराए गए थे।

यह स्पष्ट था कि युवा और वृद्ध



लेने के लिए भी तत्पर था। पुष्प प्रदर्शनी में हर जगह सेल्फी लेने के लिए लाइनें लगी हुई थीं। नागरिकों ने फूलों से सजे लव आर्क पर तस्वीरें खिंचवाईं। राजीव गांधी पार्क, त्रिमूर्ति नगर, मेजर सुरेन्द्र देव पार्क धंतोली, लता मंगेशकर पार्क, देशपांडे लेआउट स्थित स्वतंत्रता स्वर्ण जयंती पार्क, शंकर नगर पार्क, भारत माता पार्क, त्रिशताब्दी पार्क, नंदनवन, महात्मा फुले पार्क, सुयोग नगर, महात्मा गांधी उद्यान हनुमान नगर , तुलसी नगर गार्डन, शांतिनगर, पाटनकर चौक गार्डन, एडव. सखारामपंत मेश्राम उद्यान में पुष्प महोत्सव प्रदर्शनी में 100 से अधिक प्रकार के मौसमी और बारहमासी फूल, विभिन्न प्रजातियों के फूल और औषधीय पौधे विभिन्न स्थानों पर प्रत्यक्ष रूप से देखे जा सकेंगे। नगर पालिका ने नागरिकों से 'पुष्प महोत्सव 2025' में शामिल होने की अपील की करके बहुत अच्छी पहल की है। जो किसी अन्य पार्क में देखने को नहीं मिलती। अगर पार्क को इस तरह विकसित किया जाए तो नागरिकों को इसका अधिक लाभ मिल सकता है।

राहुल सावडे नागपुर महानगरपालिका द्वारा 'फूल महोत्सव' के आयोजन से नागरिकों को लाभ होगा। हालांकि, पार्क में फूलों की निरंतर देखभाल करना आवश्यक है।

डॉ माधुरी ठाकरे ने कहा कि पुष्प महोत्सव नगर निगम द्वारा संचालित एक बहुत अच्छी पहल है। यदि इस तरह की पहल शहर के हर पार्क में लागू की जाए तो बच्चों को पर्यावरण से जोड़ा जा सकता है तथा उन्हें इस तरह के पुष्प महोत्सव में लाकर अधिक जानकारी प्रदान की जा सकती है। यह संदेश दिया जा सकता है कि हर किसी को कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए।

## पुलिसकर्मी ने ड्यूटी के दौरान खाया जहर

### > बर्खास्तगी के नोटिस से अवसादग्रस्त था

**नागपुर.**

कलमना पुलिस थाना क्षेत्र में एक पुलिसकर्मी ने ड्यूटी के दौरान जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 53 वर्षीय रामचंद्र रोहणकर के रूप में हुई है, जो पुलिस मुख्यालय में कार्यरत थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बर्खास्तगी का शो-कॉज नोटिस मिलने के बाद से ही वह मानसिक तनाव में थे। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम को रामचंद्र रोहणकर की ड्यूटी कलमना स्थित ईवीएम स्ट्रांग रूम में थी। ड्यूटी के दौरान ही उन्होंने जहर खा लिया और



तबीयत बिगड़ने पर फोन कर परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां बुधवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**7 महीने पहले दर्ज हुआ था आपराधिक मामला**

बताया जा रहा है कि 7 महीने पहले रामचंद्र और उनके एक साथी पर पीपला फाटा इलाके के एक होटल में हुड़दंग और मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। इस घटना के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। हालांकि, 3 महीने पहले ही उन्हें दोबारा सेवा में बहाल किया गया था।

सूत्रों के मुताबिक, 10 दिन पहले विभाग की ओर से उन्हें बर्खास्तगी का शोकॉज नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद से वह गहरे अवसाद में थे। इसी मानसिक तनाव के चलते उन्होंने यह घातक कदम उठा लिया।मृतक अपने पीछे पत्नी सुनीता और दो बच्चों बेटा मिथिलेश रोहणकर23 (23) और बेटी ग्रेसी रोहनकर को छोड़ गए हैं। मिथिलेश पुलिस भारती की तैयारी कर रहा है जबकि बेटी इंजीनियरिंग की पढ़ाई करती है और पत्नी सुनीता गृहणी है। उनकी मौत से परिवार सदमे में है। फिलहाल कलमना पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## 45 दिनों के लिए रात्रिकालीन यातायात प्रतिबंधित

**नागपुर.** पॉवर हाउस चौक से डिप्टी सिग्नल मार्ग पर रात्री के समय यातायात को नियंत्रित करने के लिए विशेष अधिसूचना जारी की गई है। इस मार्ग पर मैड्स सरच अंसारी इरेक्टर्स कंपनी की ओर से आरओबी (उड्डानपुल) का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह काम रात 9 बजे से सुबह 8 बजे के बीच किया जाएगा और इसे 45 दिनों में पूरा किया जाएगा। उक्त मार्ग पर वाहनों की भारी आवाजाही को ध्यान में रखते हुए दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात को सुगम बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

## फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ने 2 साथियों के साथ मिलकर की 7.78 लाख की धोखाधड़ी

**नागपुर.** धंतोली पुलिस ने फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले एक कर्मचारी और उसके दो साथियों के खिलाफ 7.78 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। फिर्यादी विधीन सुरेश गाडगीलवार (40) सितानगर निवासी फाइनेंस व्यवसाय से जुड़े हैं और उनका कार्यालय विवेकानंद नगर, पंचशील रोड में स्थित है। उनके कार्यालय में कर्मचारी सुनील मधुकर सहारे (40), ईसासनी, एम.आई.डी.सी. निवासी ग्राहकों से लोन की किस्तें वसूलकर उन्हें मालिक के अकाउंट में जमा करने का काम करता था। पुलिस के अनुसार, 5 मार्च 2024 से 28 जनवरी 2025 के बीच, आरोपी सुनील सहारे ने ग्राहक से कलेक्शन किए गए पैसे फिर्यादी के खाते में जमा न करके अपने दो साथियों राहुल मधुकर सहारे (30) और मनेश मधुकर सहारे (52) के साथ मिलकर 7.78 लाख रुपये हड़प लिए। जब फरियादी को इस धोखाधड़ी की जानकारी हुई और उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने धमकी देकर पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। इसके अलावा, आरोपियों ने ग्राहकों से अलग से 2.78 लाख रुपये भी वसूलकर अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किए। फरियादी की शिकायत पर धंतोली पुलिस थानों में तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 408, 406, 420 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे जांच जारी है।

## जीबी सिंड्रोम के 3 मरीज मेडिकल में, एक मेयो में भर्ती

### > दवा-इंजेक्शन का पर्याप्त स्टॉक

**नागपुर.** गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के 3 मरीज मेडिकल में और 1 मरीज को मेयो में भर्ती किया गया है। सभी मरीजों की हालत स्थिर है। हर साल जनवरी में जीबीएस मरीज पाए जाते हैं। मेडिकल में भर्ती मरीजों को इमियोग्लोब्युलेंट इंजेक्शन दिया गया है। मेडिकल में सावधानी के रूप में 50 इंजेक्शन का स्टॉक है। सूत्रों के अनुसार निजी अस्पतालों में आने वाले मरीजों की प्रशासन तक जानकारी नहीं पहुंचने से आंकड़े स्पष्ट नहीं हो रहे हैं। मनपा के स्वास्थ्य



अधिकारी डॉ. दीपक सेलोकर ने सभी निजी अस्पतालों को जीबीएस मरीजों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देने के निर्देश दिए हैं।

**दोनों अस्पतालों में किए गए 10-10 बेड आरक्षित**

जीबीएस के प्रति सतर्कता बरतते हुए जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर, मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीज चौधरी, मेडिकल के अधिष्ठाता डॉ. राज गजभिये द्वारा विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस बीमारी के लिए अधिकाधिक मात्रा में इंजेक्शन खरीदने का आदेश दिया गया है। मरीजों के लिए फिलहाल 10 बेड आरक्षित किए गए हैं। वहीं दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने की जानकारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनाश गावंडे ने दी है। सूत्रों के अनुसार मेयो अस्पताल में पहले से आपात व्यवस्था के तहत 10 बेड आरक्षित है। जीबीएस मरीजों की संख्या बढ़ने पर इन बेड का उपयोग किया जाएगा। डॉक्टरों व सहायक कर्मचारियों की टीम को अलर्ट रखा गया है।



## 'प्रगतिशील विद्यालय' पुरस्कार से हरिहर विद्यालय सम्मानित

**नागपुर.** शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए हरिहर विद्यालय को 26 जनवरी, को "प्रगतिशील शाळा पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार जिलाधिकारी नागपुर और शिक्षण विभाग की ओर से दिया गया। विद्यालय ने सामाजिक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई है। मतदान जागरूकता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, शैक्षणिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम और शैक्षणिक सहल के माध्यम से नागपुर स्थित मेट्रो प्रकल्प, रमन विज्ञान केंद्र, महाराज बाग प्राणी संग्रहालय जैसे प्रमुख स्थलों पर छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, विद्यालय ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रयास किए और महाराष्ट्र शासन द्वारा दिए गए सभी सामाजिक कार्यों को पूरी निष्ठा से निभाया। इन सभी प्रयासों के लिए हरिहर विद्यालय के मुख्याध्यापक सुर्यकांत वानखेडे को 26 जनवरी को नागपुर स्थित जिल्हा परिषद कन्या विद्यालय के सभागृह में "प्रगतिशील शाळा पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।

## शिवानी वडेट्टीवार, केतन ठाकरे को राहत

### > पार्टी अनुशासन के उल्लंघन के लिए युवा कांग्रेस से निष्कासन टला

**नागपूर.**

यूथ कांग्रेस में एक बार फिर बड़ी कार्वाई हुई है. पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने के आरोप में चार प्रमुख पदाधिकारियों को संगठन से स्थायी रूप से निष्कासित कर दिया गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष तनवीर अहमद, महासचिव अनुराग भोयर, सचिव अक्षय हेटे और नागपुर ग्रामीण अध्यक्ष मिथिलेश कान्हेरे को एसोसिएशन से बाहर कर दिया गया है.

गौरतलब है कि संघ मुख्यालय के सामने प्रदर्शन के दौरान अनुपस्थित रहने वाले 60 पदाधिकारियों को बर्खास्त कर



दिया गया था. इनमें विधायक विकास ठाकरे के बेटे केतन ठाकरे और पूर्व विपक्षी नेता विजय वडेट्टीवार की बेटी शिवानी वडेट्टीवार भी शामिल थीं। हालाँकि, इन दोनों को वर्तमान कार्रवाई से बाहर रखा गया है।

युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अजय छिकारा ने निष्कासन का यह आदेश जारी किया और इसकी एक प्रति प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को भी भेजी है. इससे पहले कुणाल राउत के कामकाज के तरीकों के खिलाफ कई शिकायतें दिल्ली तक पहुंची थीं. उन पर संगठन को तानाशाही तरीके से चलाने का आरोप लगाया गया था. फिर उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर पदोन्नत किया गया और उनकी शक्तियां कम कर दी गईं।

पार्टी के नियमों के मुताबिक, किसी भी पदाधिकारी को पद से हटाने से पहले नोटिस दिया जाना चाहिए और उसकी बात सुनी जानी चाहिए। लेकिन इस मामले में नियमों का उल्लंघन होने की बात सामने आई है. फिलहाल इस फैसले से युवा कांग्रेस में काफी उत्साह है और पदाधिकारियों में असंतोष फैल गया है.




CMYK

# नागपुर मेट्रो के 3 दिवसीय खेल आयोजन की हुई शुरुआत

## > मैदानी और इनडोर खेलों में कर्मचारी लेंगे हिस्सा

**नागपुर.**

महाराष्ट्र मेट्रो इस साल अपना दसवां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज से तीन दिवसीय खेल महोत्सव की शुरुआत की गई है, जिसमें मैदानी और इनडोर खेलों को शामिल किया गया है। यह खेल आयोजन धनवटे नेशनल कॉलेज के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू हुआ है।

इस खेल सप्ताह का आयोजन 18 फरवरी को नागपुर मेट्रो के 10वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया गया है। आज महा मेट्रो के निदेशक (स्ट्रैटेजिक प्लानिंग) अनिल कोकाटे और निदेशक (वित्त) हरेंद्र पांडे के हाथों विधिवत दीप प्रज्वलन कर इस आयोजन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सुधाकर उराडे, कुमकुम मिश्रा, पवन वर्मा, नरेंद्र उपाध्याय, साईशरण दीक्षित, अभिजीत मंडल और नरेंद्र अहिर भी उपस्थित रहे। पिछले वर्ष आयोजित खेल प्रतियोगिता में विजेता रहे कर्मचारियों को महा मेट्रो के प्रबंध निदेशक श्रावण हर्डीकर द्वारा स्थापना दिवस के दिन मेट्रो भवन में सम्मानित किया गया था।




### प्रतियोगिताओं में कुल 600 कर्मचारियों ने लिया भाग

इस साल आयोजित तीन दिवसीय खेलों में मैदानी खेलों में 25 क्रिकेट मैच और इनडोर खेलों में 153 बैडमिंटन, 52 टेबल टेनिस, 52 शतरंज और 114 कैरम मैचों का आयोजन किया गया है। इन प्रतियोगिताओं में कुल 600 कर्मचारियों ने भाग लिया है। इसके अलावा, पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है। इन आयोजनों से कर्मचारियों को अपने पसंदीदा खेलों में भाग लेने का अवसर मिल रहा है, जिससे उनमें नया जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है।

# गणतंत्र दिवस पर तीन गोल्ड मैडलिस्ट दिव्यांग बच्चों को सम्मानित किया गया



**नागपुर.**

स्वर्गीय फूलचंद जैन मतिमंद स्कूल, मिलन चौक पर 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ दिव्यांग बच्चों और उनके पालकों के बीच मनाया गया। कार्यक्रम का ध्वजारोहण रमेश जैन द्वारा किया गया।

इस अवसर पर नागपुर जिला स्तरीय दिव्यांग स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। गोला फेंक प्रतियोगिता में सृष्टि संजय दुबे ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं, दिव्या ओमदास वंजारी ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में दो गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल और अपने परिवार का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि की खुशी में पालकों ने विजेता बच्चों का स्वागत किया और उन्हें नगद पुरस्कारों से सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के मैदान पर संस्था के अध्यक्ष किशोर मुसले, पंचायत समिति के पूर्व उपसभापति राहुल तिवारी, राधाकृष्ण मितल, सरपंच पवन धुर्वे, अग्रवाल, विश्वजीत सिंह, तनु मितल, बालाजी हांडे, तेजराम माकड़े और मागुलकर उपस्थित रहे। सभी ने अपने भाषणों में दिव्यांग बच्चों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने वाले शिक्षकों और पालकों को सलाम किया।

इस अवसर पर देश की आजादी और सामाजिक योगदान के महत्व पर विचार व्यक्त किए गए। साथ ही, स्कूल के मैदान पर वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रकांत ठाकरे ने किया और आभार मोहिनी पाटिल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्याध्यापक दीपक भोंडेकर, स्कूल के शिक्षक और कर्मचारी भी मौजूद थे।

# नागपुर रेलवे स्टेशन पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

### पहचान में मदद की अपील



**नागपुर.** नागपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 02 पर रेलवे पोल क्रमांक 836/41 के पास एक अज्ञात व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला। रेलवे डॉक्टर अवंती लाखोटे ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी रेलवे अधिकारियों ने दी, जिसके बाद नागपुर रेलवे पुलिस स्टेशन में मर्ग क्रमांक 10/2025, धारा 174 सीआरपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है। मृतक का शव मेयो अस्पताल, नागपुर में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने मृतक की पहचान और उसके परिजनों का पता लगाने के लिए जनता से सहयोग की अपील की है। यदि किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो या उसके परिवार वालों का पता हो, तो कृपया तुरंत नागपुर रेलवे पुलिस स्टेशन से संपर्क करें। जानकारी देने के लिए मोबाइल नंबर 8446465661 पर संपर्क करें।



# ड्रैगन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों के मार्चपास ने किया मंत्रमुग्ध

**कामठी.**

हरदास विद्यालय और ड्रैगन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने हरदास शैक्षणिक व सांस्कृतिक संस्था के प्रांगण में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। उनमें से मुख्य रूप से छात्रों द्वारा उपस्थित लोगों के दिलों को जीता, और छात्रों ने एक सामूहिक देशभक्ति गीत, गणतंत्र दिवस के महत्व पर टिप्पणी प्रस्तुत की।

प्रारंभ में हरदास शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्थान की अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे के हस्ते ध्वजारोहण किया गया. कार्यक्रम की प्रस्तावना हरदास विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र जगताप ने तथा आभार प्रदर्शन ड्रैगन इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य अंबरीन फातिमा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हरदास विद्यालय के शिक्षक विनोद जुमड़े ने किया। कार्यक्रम के सफलतार्थ प्रविण चहांदे, प्राजक्ता भुरे, शेजल मानवटकर, दिशा पिल्ले, मेरी मार्गरेट, प्रियंका पाली, रूपाली वंजारी, भुमिका रामटेके, सुकेशीनी बागडे सहित अन्य शिक्षक व कर्मचारियों ने अथक परिश्रम किए।

# कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## > महाराष्ट्र राज्य संस्कृत विज्ञान प्रतियोगिता

**रामटेक.**

महाराष्ट्र राज्यस्तरीय संस्कृत शास्त्र प्रतियोगिता का आयोजन केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नासिक परिसर में किया गया। इस प्रतियोगिता में कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक के 23 छात्रों ने विभिन्न विषयों जैसे व्याकरण, वेदांत, जैन-बौद्ध भाषण, धातु आधारित वाचिक भाषण, साहित्यिक भाषण, समस्या समाधान, अक्षरश्लोकी आदि में भाग लिया।

यह प्रतियोगिता प्राचीन भारतीय शास्त्र परंपरा को संरक्षित और प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम थी। विश्वविद्यालय के छात्रों और प्रोफेसरों ने इसके लिए कठिन परिश्रम किया और पारंपरिक शास्त्र स्पर्धाओं में सफलता हासिल करने के लिए खुद को तैयार किया।

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 14 छात्रों ने प्रथम स्थान और 4 छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय दिया। इन छात्रों को मार्च में हरिद्वार में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की अखिल भारतीय शास्त्र प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।



द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में भगवद्गीता पाठ में संदली सिंह, उपनिषद पाठ में मीनाक्षी सारस्वत, भारतीय गणित में शिवकुमार जंगम, और साहित्यिक भाषण में साक्षी खड़से शामिल हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

छात्रों की गहन शास्त्र-ज्ञान और आत्मविश्वास पूर्ण प्रस्तुति की परीक्षकों ने भी सराहना की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी का शास्त्र संरक्षण में योगदान समय की मांग है।

उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति के माध्यम से शास्त्र के प्रति अपनी निष्ठा और विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है।

कुलसचिव डॉ. देवानंद शुक्ल सहित सभी विभागाध्यक्षों और प्रोफेसरों ने भी विजेता छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बाबा ताजुद्दीन जन्मोत्सव उत्साह से मनाया

**कामठी.**

संत ताजुद्दीन बाबा का जन्मोत्सव बस स्टैंड चौक में श्रद्धाभाव व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बस स्टैंड परिसर में प्रा. कोकार्डे, पत्रकार संदीप कांबळे, लक्ष्मी सांडेल, राकेश पांडे, शिव हाटे, राकेश कनोजिया, सलमान अब्बास, दीपंकर गणवीर, नाना ठाकरे, सुरज मेश्राम, अभय भेंडे, कंठीराम कोहळे, ज्ञानेश्वर ठाकरे, दिलीप भुजाडे, बंटी गायकवाड, सूरज ठाकरे, मोतीराम कैकाडे, सालन पठाण, इरफान खान, सलमान लाखा, एजाज, अखिलेश रोडगे, प्रमोद खोब्रागडे, नीतू दुबे आदि की प्रमुख उपस्थिति में बाबा ताजुद्दीन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस अवसर पर केक काटा कर जश्न मनाया गया। पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। जिसका बड़ी संख्या में भक्तों ने लाभ उठाया।



# निज़ामिया हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

**नागपुर.**

निज़ामिया हाईस्कूल के भव्य प्रांगण में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ हायस्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष इक्बाल मुसानी के निर्देशानुसार हाजी अब्दुल रज्जाक की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में समाउल्लाह खान, केंद्र प्रमुख निलकंठ लोहकरे, जिला परिषद उर्दू प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अज़हर शकिल, पूर्व प्रधानाचार्य मोहम्मद शाहिद, शेख सलीम (गुड्डू भाई), अब्दुल खालिक शेख, मोहम्मद अय्याज, खलील अहमद और सरदार खान मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न थीमों पर आधारित शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर अभिभावक, छात्र और अतिथि मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर सभी अतिथियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जावेद इकबाल कुरैशी के नेतृत्व में शिक्षकों, शिक्षिकाओं और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने वार्षिक गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया। इसमें छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सबा फिरदौस ने किया। वार्षिकोत्सव ने न केवल बच्चों की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान किया, बल्कि अभिभावकों और समुदाय को भी विद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया।

# आरकेएस पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**नागपुर.**

कमलादेवी खियानी बहुउद्देशीय संस्था द्वारा संचालित आर.के.एस. पब्लिक स्कूल में बड़े ही उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राजकुमार खियानी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में एक्सीस बैंक, जारीपटका शाखा के प्रबंधक प्रशांत आंबुलकर, झूलेलाल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर राजेश तेजवानी, उनकी पत्नि अनीता तेजवानी, दलित मित्र पुरस्कार सम्मानित बंदोपंत टेंभुरने, संस्था सचिव उषा खियानी उपस्थित रहे। सर्व प्रथम अतिथियों ने ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात राष्ट्रगान गाया गया, बाद में अतिथियों का स्वागत बैंड मार्च के साथ किया गया।



कार्यक्रम में प्राचार्य कीर्ति सोनी ने गणतंत्र दिवस के महत्व को प्रतिपादित किया। बच्चों ने देश भक्ति पर आधारित रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए गए। खासदार क्रीड़ा महोत्सव में मेडल जीतने वाले छात्रों को अतिथियों के हस्ते सम्मानित किया गया। बच्चों ने अपनी वक्तृत्व कला का परिचय देते हुए उत्तम भाषण दिए। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9 वी के छात्र निशिका सोनवाने तथा तन्मय गोडबोले तथा आभार प्रदर्शन अमृता राउत ने व्यक्त किया। सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अथक प्रयास किए।

# अनियंत्रित बाइक से युवक की मौत



**उमरेड.** उमरेड पुलिस थाना के अंतर्गत एमआईडीसी परिसर में अनियंत्रित होकर बाइक नाले में गिरने से नरेश डडमल (55), कुंभारी, उमरेड निवासी की मौत हो गई।

नरेश अपनी बाइक क्रमांक एमएच-40, बी वाई -3875 से धुरखेडा की ओर जा रहा था। इस दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस निरीक्षक धनाजी जडक के मार्गदर्शन मे आगे की जांच सहाय्यक उप निरीक्षक संजय देशमुख कर रहे हैं.

# आईएमए सावनेर की नई कार्यकारिणी का गठन

## > 'जल्लोश 2025' का हर्षोल्लास के साथ आयोजन

**सावनेर.**

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सावनेर शाखा की नई कार्यकारिणी का उद्घाटन समारोह और वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम "जलोश 2025" 26 जनवरी 2025 को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय और बाह्य चिकित्सा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत आईएमए की प्रतिज्ञा और ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। नागपुर के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत निखाडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलेश कुंभारे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. झोपे को निर्विरोध अध्यक्ष, डॉ. स्मिता भुडे को उपाध्यक्ष, डॉ. अमित बाहेती और डॉ. प्रवीण चव्हाण को उपाध्यक्ष, डॉ. शिवम पुन्यानी कोषाध्यक्ष, डॉ. विशाल महंत को संयुक्त सचिव तथा करुणा बोकड़े, डॉ. नीलेश कुंभारे, डॉ. आशीष चांडक, डॉ. उमेश जीवतोड़े और डॉ. विलास मानकर को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया। सह सदस्य पद हेतु डॉ. नितिन पोटोडे और डॉ. स्वाति पुण्यानी का चयन किया गया। अपने संबोधन में डॉ. प्रशांत निखाडे ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी और चिकित्सा क्षेत्र में सामूहिक उपलब्धि के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम "जलोश 2025" का आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टरों और उनके परिवारों ने नृत्य, संगीत, नाटक और गायन प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

यह कार्यक्रम डॉक्टरों की पेशेवर जिम्मेदारियों के बावजूद उनकी कला और प्रतिभा को उजागर करने का एक बेहतरीन मंच साबित हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विशाल महंत और डॉ. अंकिता बाहेती ने किया, जबकि आईएमए सावनेर के सचिव डॉ. प्रवीण चव्हाण ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

यह संपूर्ण आयोजन खुशनुमा माहौल में संपन्न हुआ और सभी सीनियर और जूनियर आयएमए सदस्य इसमें उपस्थित थे।

# एक्सिस बैंक ने मार्ग ईआरपी संग की साझेदारी

**नागपुर.** एक्सिस बैंक ने छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) ग्राहकों को सरलीकृत व्यावसायिक बैंकिंग समाधान प्रदान करने के लिए एकीकृत व्यावसायिक एप्लीकेशन में एक प्रमुख खिलाड़ी मार्ग ईआरपी के साथ साझेदारी की है। इसका उद्देश्य अकाउंटिंग और बैंकिंग समाधानों को एक ही स्थान पर लाना है, और यह सुनिश्चित करना है कि ग्राहकों को अकाउंटिंग और बैंकिंग एप्लीकेशन के बीच टॉगल करने की आवश्यकता न हो। यह गठजोड़ एक्सिस बैंक के चालू खाताधारकों को अपने व्यावसायिक खातों को सीधे मार्ग ईआरपी सॉफ्टवेयर से जोड़ने में सक्षम बनाता है, जिससे एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस और अन्य जैसे सभी बैंकिंग लेनदेन के प्रबंधन के लिए एक एकीकृत मंच तैयार होता है।

# रेलवे स्टेशन पर चोरों का अंतरराज्यीय गिरोह गिरफ्तार



### मामलों का खुलासा किया

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गिरोह का सरगना शेख पिरू शेख सईद, सूरत (गुजरात) का रहने वाला है। उसके चार अन्य साथियों में विरागुद्दीन चांद शहा, राहुल सुरेश पाटिल, अनिल सुरेश उनाते और शेख वसीम शेख आयुब का समावेश है। पुलिस ने इन आरोपियों से कुल छह मामलों का खुलासा किया है। आरोपियों की निशानदेही पर मोबाइल फोन नगदी सहित करीब 1 लाख से अधिक के माल को भी बरामद किया गया है।

**नागपुर.**

नागपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ का फायदा उठाकर चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए रेलवे पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी किए गए पांच मोबाइल फोन, एक मनी पर्स और नकदी सहित कुल एक लाख का माल बरामद किया गया है। उनकी निशानदेही पर चोरी के छह मामलों का भी खुलासा हुआ है।

बाबा ताजुद्दीन के जन्मदिवस सहित प्रयागराज में शुरू महाकुंभ के चलते रेलवे स्टेशन पर लोगों की भीड़ जमा हो रही है। ऐसे में भीड़ में सक्रिय चोर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इसी वजह से नागपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस द्वारा विशेष गस्त और निगरानी रखी जा रही थी।

इसी दौरान स्टेशन पर पहुंची एक ट्रेन के जनरल कोच में यात्रियों के मोबाइल चोरी होने की शिकायत रेलवे पुलिस को मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर पांच लोगों को स्टेशन परिसर से ही हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की है।

# खासदार क्रीड़ा महोत्सव स्केटिंग स्पर्धा में प्रभास व रुचि मिसाल बने चैंपियन

## > उमरेड के स्केटिंग स्टार्स ने जीते 2 पदक, शहर का बढ़ाया मान

**नागपुर.**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा आयोजित बहुप्रतिष्ठित खासदार क्रीड़ा महोत्सव 2025 के अंतर्गत स्केटिंग स्पर्धा में उमरेड के प्रतिभाशाली स्केटर प्रभास रविंद्र मिसाल (8 वर्ष) और रुचि रविंद्र मिसाल (11 वर्ष) ने शानदार प्रदर्शन कर पदक जीतकर उमरेड का मान बढ़ाया। 650 से अधिक स्केटर्स के बीच उमरेड के खिलाड़ियों का जलवा नागपुर महानगर पालिका के नंदनवन स्थित स्केटिंग मैदान पर आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में नागपुर शहर, नागपुर ग्रामीण और जिलेभर से 650 से अधिक स्केटर्स ने भाग लिया। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में उमरेड स्केटिंग अकादमी के उभरते सितारे प्रभास और रुचि मिसाल ने अपने-अपने आयु वर्ग में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए। प्रभास ने जीता स्वर्ण पदक, रुचि ने ब्रॉन्ज मेडल किया नाम प्रभास मिसाल (8 वर्ष आयु वर्ग) ने बेहतरीन स्केटिंग कौशल दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीता और इसके साथ ही ₹500 का नकद पुरस्कार भी प्राप्त किया। रुचि मिसाल (12 वर्ष आयु वर्ग) ने कड़ी टक्कर देते हुए कांस्य पदक जीतकर उमरेड को चैंपियनशिप में गौरवान्वित किया। प्रभास और रुचि पिछले ढाई वर्षों में जिला, विदर्भ, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कुल 132 पदक जीत चुके हैं। इन दोनों खिलाड़ियों को उनके पिता एवं स्केटिंग कोच रविंद्र मिसाल का मार्गदर्शन प्राप्त है। अपनी सफलता का श्रेय प्रभास और रुचि ने अपनी माता विभा मिसाल और पिता एवं कोच रविंद्र मिसाल को दिया। इस शानदार उपलब्धि के लिए पूरे उमरेड शहर में दोनों का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया जा रहा है।



# जर्जर अवस्था में मेलघाट का हरिसाल ब्रिज; कुछ वर्ष पूर्व हुआ था सर्वेक्षण

## > संबंधित विभाग ने अब तक नहीं उठाया कोई कदम

**अमरावती.**

मेलघाट के हरिसाल के समीप सिपना नदी पर मौजूद ब्रिज जर्जर अवस्था में होने कि विविध चर्चाओं के बीच इस ब्रिज से प्रतिदिन छोटे बड़े और लोडिंग वाहनों कि आवाजाही जारी है। सूत्रों कि माने तो आज से कुछ समय पूर्व लोक निर्माण विभाग कि ओर से हरिसाल जर्जर ब्रिज का सर्वेक्षण किया गया था। लेकिन इस ब्रिज की मरम्मत अथवा नवनिर्माण के तरफ अब तक कोई कदम सबंधित विभाग ने नहीं उठाया है।

नागपुर इंदौर मार्ग स्थित हरिसाल सिपना नदी पर मौजूद ब्रिज बीते कुछ समय से जर्जर अवस्था मे रहने के बीच आज भी आवागमन को लेकर अपनी सेवा देता नजर आ रहा है। क्षेत्र कि सबसे महत्वपूर्ण सिपना नदी पर बने विशाल ब्रिज के जर्जर होने कि विविध चर्चाएं ग्रामवासियों में बनी हैं. सूत्रों ने बताया है कि इस जर्जर ब्रिज को लेकर लोक निर्माण विभाग ने ब्रिज का सर्वेक्षण किया था।

सर्वेक्षण के बाद इस ब्रिज के मरम्मत सहित नवनिर्माण के संदर्भ मे जल्द ही ठोस कदम उठाए जाने के संकेत दिखाई देने लगे थे। परंतु अब तक हरिसाल जर्जर ब्रिज के मरम्मत नवनिर्माण का मामला ठंडेबस्ते में ही है। ग्रामवासियों ने लोक निर्माण विभाग से जल्द ही सर्वेक्षण कर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने की मांग की है। मेलघाट के धारणी बैतुल नागपुर मार्ग पर दिया ग्राम कि सिपना नदी और हरिसाल आकोट मार्ग के चिखली ग्राम कि



सिपना नदी पर छोटे दर्जे के ब्रिज कि समस्या बनी रहने से इस और भी पिडब्ल्यूडी विभाग के कुछ समय पूर्व हुए। सर्वेक्षण से बड़े ब्रिज बनने कि उम्मीद ग्रामीणों में जगी थी। लेकिन इस पर भी लोक निर्माण विभाग की उदासीनता रहने से ग्रामीणों मे नाराजगी का आलम है। जबकी दिया ग्राम सहित चिखली सिपना नदी के छोटे दर्जे वाले ब्रिज के कारण बारिश के समय विविध ग्रामों का धारणी मुख्यालय से सम्पर्क टूट जाता है।

कुछ समय पूर्व इस प्रमुख समस्या को लेकर बी एन्ड सी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित स्थानीय अधिकारियों ने इन छोटे दर्जे के ब्रिज का सर्वेक्षण किया था। नागरिकों ने मांग की है कि समय की जरुरत के मुताबिक इस मार्ग पर बड़े ब्रिज का निर्माण होना बेहद जरुरी है। इस तरफ भी शासन व प्रशासन को ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## यवतमाल जिला शिक्षक भर्ती से वंचित, बिंदु सूची अद्यतन न होने का परिणाम



**यवतमाल.**

पवित्र पोर्टल के माध्यम से शिक्षक भर्ती प्रक्रिया से बाहर होने चलते यवतमाल जिले के शिक्षकों में काफी नाराजगी है। यवतमाल जिला निजी शिक्षण मंडल ने स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री से भेंट कर इस समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग की है।

एसीबीसी आरक्षण की मंजूरी के बाद, यवतमाल जिले और राज्य के छह जिलों के लिए बिंदु नामावली रोल सत्यापन के लिए एक अलग सरकारी निर्णय की आवश्यकता पड़ रही है। इसके चलते इन छह जिलों में बिंदु सूची अपडेट नहीं की गई है। इसके कारण यवतमाल जिले को हाल ही में लॉन्च किए गए पवित्र पोर्टल के माध्यम से शिक्षक भर्ती प्रक्रिया से बाहर रखा गया है। यवतमाल जिले में हजारों शिक्षकों के पद खाली हैं और हजारों बेरोजगार सरकारी नौकरी का इंतजार कर रहे हैं। यवतमाल जिले को इस प्रक्रिया से बाहर किये जाने से आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

इसी के चलते यवतमाल जिला निजी शिक्षक मंडल ने हाल ही में स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री पंकज भोयर से मुलाकात कर छह आदिवासी बहुल जिलों - चंद्रपुर, गढ़चिरोली, धुले, नंदुरबार, पालघर को यवतमाल के साथ राज्य में शामिल करने की मांग की है। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री पंकज भोयर ने शिक्षा मंडल के प्रतिनिधिमंडल से इस स्थिति का तत्काल समाधान निकालने का वादा किया है।

# रांगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त माहेश्वरी विठ्ठल कुकुर्डे का सम्मान

**वर्धा.**




तहसील के पिपरी गांव की माहेश्वरी विठ्ठल कुकुर्डे ने स्वामी विवेकानंद ज्ञान प्रसारक मंडल, पडोली, चंद्रपुर द्वारा आयोजित भव्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हासिल किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें रांगोली प्रतियोगिता और नृत्य प्रतियोगिता शामिल थीं। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रसारक मंडल के अध्यक्ष बंडूजी सोमनकर और विनोद खडसे के नेतृत्व में किया गया। रांगोली प्रतियोगिता में माहेश्वरी कुकुर्डे ने वीर सैनिकों की याद में एक सुंदर रांगोली बनाई, जिससे उन्होंने पहला स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें ट्रॉफी और नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, तीन अन्य पुरस्कार और एक प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए गए। उनकी इस सफलता पर उनके शिक्षकों ने उनका अभिनंदन किया, और माता-पिता ने भी खुशी जाहिर की। माहेश्वरी को बचपन से ही रांगोली बनाने का शौक था। उन्होंने बताया कि उनका सपना पुलिस विभाग में भर्ती होने का है और वे इसके लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। उनके माता-पिता और भाई का उन्हें पूरा समर्थन मिल रहा है। माहेश्वरी की इस सफलता से पूरे गांव में हर्ष का माहौल है, और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की जा रही है।



# कामगार कल्याण केंद्र वर्धा में गणतंत्र दिन मनाया

**वर्धा.**

कामगार कल्याण केंद्र, कृष्णनगर, वर्धा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्साह के साथ सफलतापूर्वक मनाया गया.इस कार्यक्रम के अध्यक्षस्थान पर गुणवंत डकरे, और कामगार मौजूद थे. जबकि सुधाकर खडतकर, एसोसिएट ऑफिसर, बजाज फाइनेंस कंपनी वर्धा के साथ -साथ विकास फटिंगे, नाट्य निदेशक और विशेष उपस्थिति डॉ. शुभांगी निमकर मौजुद थी. सु. 8 बजे सुधाकर खडतकर ने डॉ.बाबासाहब अंबेडकर और महात्मा गांधी की छवि का पुजन करके ध्वजारोहण किया. और राष्ट्रगान गाया गया. और गणतंत्र दिवस के महत्व को समझाया। अध्यक्ष ने आज देश की स्थिति कैसी कठिन हो रही है इसपर मार्गदर्शन किया. इस अवसरपर स्वीट (बुंदी लाडु) शिशु मंदिर के बच्चों को वितरित किये गये. रंगोली और वेशभुषा स्पर्धा भी आयोजित की गयी. रंगोली प्रतियोगिता में पहला स्थान नागोसे, व्दितीय क्रमांक सोनाली धाबर्डे और तीसरा क्र.अडम ने प्राप्त किया. वेशभुषा प्रतियोगिता में पहला नंबर अनुश्री अडमाचे, दुसरा नंबर आरव नागोसे और तिसरा नंबर आरोही आष्टनकर ने हासिल किया. प्रतियोगिता का परीक्षण डहाके ने किया. कार्यक्रम का संचालन सौ. सुषमा ढाले केंद्र महिला कल्याण सहायकने किया.

# मुख्याधिकारी विजयकुमार आश्रमा का राजस्व मंत्री ने किया सम्मान



**देवली.**

देवली नगर परिषद के मुख्याधिकारी विजयकुमार लालुराम आश्रमा को महाराष्ट्र राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें महिला महाराष्ट्र केसरी स्पर्धा के पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर प्रदान किया गया।

मुख्याधिकारी आश्रमा के मार्गदर्शन में विदर्भ केसरी पूर्व सांसद रामदास तडस इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया गया, जहां वरिष्ठ महिला राज्य स्तरीय अजिंक्य कुश्ती प्रतियोगिता और महिला महाराष्ट्र केसरी 2025 स्पर्धा 24 व 25 जनवरी को आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इंडोर स्टेडियम उपलब्ध कराया गया, जिससे खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधा मिली।

गौरतलब है कि विजयकुमार आश्रमा के पास देवली नगर परिषद का अतिरिक्त कार्यभार भी है, इसके बावजूद उन्होंने देवली शहर और स्कूलों के विकास को बेहतरीन तरीके से संभाला है। उनकी कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता के कारण नगर में कई विकास कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं। इस कार्यक्रम में वर्धा जिले के अभिभावक मंत्री पंकज भोयर, पूर्व सांसद रामदास तडस, सांसद अनिल बोंडे, विधायक राजेश बकाने, विधायक सुमित वानखेड़े, वर्धा जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, पूर्व नगराध्यक्ष शोभा तडस, पूर्व उप नगराध्यक्ष नरेंद्र मदनकर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सम्मान मिलने के बाद देवली नगर परिषद के कर्मचारियों और विजयकुमार आश्रमा के दोस्तों ने उनका हर्षोल्लास के साथ अभिनंदन किया।

# संगीतकार ओ.पी. नैयर को श्रद्धांजलि

## > ओपी नैयर के गाने लोगों को हमेशा याद रहेंगे: एड. विजय सिंह ठाकुर



**वर्धा.**

भारतीय हिंदी सिनेमा के पचास और साठ के दशक में नौशाद, शंकर जयकिशन, मदनमोहन, रवि, एसडी बर्मन, चित्रगुप्त, सलिल चौधरी जैसे महान संगीतकारों के कार्यकाल में ओ पी नैयर ने अपने संगीत से खास छाप छोड़ी। उन्होंने बिना तकनीकी उपकरणों का उपयोग किए अपनी विशिष्ट शैली का इस्तेमाल किया। फिल्मी गीतों के लिए संगीत के लिए भारतीय प्राकृतिक साहित्य का उपयोग करने की एक नई प्रथा का प्रयोग किय। उनका प्रयोग लोगों के जेहन में अमिट है, वहीं ओ.पी. नैय्यर के गाने लोगों की यादों में हमेशा के लिए बस गए हैं। यह उद्गार ओ.पी.नैय्यर फैन्स क्लब के वरिष्ठ सदस्य एड.विजयसिंह ठाकुर ने व्यक्त किये। वह 28 जनवरी को रामनगर स्थित ओपी नैय्यर फैन्स क्लब कार्यालय में संगीतकार ओ.पी. नैय्यर की पुण्यतिथि पर आयोजित आदरांजलि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर इमरान राही, मोहन मोहिते, नाना पहाड़े, किशोर मिटकरी ने भी अपने विचार व्यक्त किये. संचालन क्लब के उपाध्यक्ष हरीश तांदले ने किया।

कार्यक्रम में संजय पवार, मनोहर पंचारिया, यशवन्त पलेरिया, गंगाधर नागपुरकर, प्रो. शिवाजी इथापे, एन.जे.भोयर, भक्तराज अलोने, एड. सुरेश श्रीरंगवार, अनिल नायडू, संजय बंसोड़, विलास कुलकर्णी, प्रकाश राइटर, राजू लभाने आदि उपस्थित थे।

# शिवसेना (उबाठा) पार्टी का एस.टी.दर वृद्धि के खिलाफ चक्काजाम

**वर्धा.**




महाराष्ट्र सरकार की ओरसे अचानक हुए बस दरवाढ के खिलाफ उद्धव बालासाहब ठाकरे शिवसेना गुट ने आज चक्काजाम आंदोलन किया.एसटी कॉरपोरेशन 15 दिनो पहले लाभ में था, लेकिन 25 जनवरी को, अचानक 15 % की वृद्धि की गयी. लेकिन तथ्य यह है कि यह वृद्धि 15 %से अधिक है। एसटी के ज्यादा किराए को रद्द करे.जनता यह अन्याय सहन नही करेगी. इसलिए शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धव बाळासाहब ठाकरे के आदेश से शिवसेना नेता अरविंद सावंत, पश्चिम विदर्भ समन्वयक अरविंद नेरकर के सुचना से वर्धा जिला संपर्क प्रमुख रमेश जाधव के मार्गदर्शन में 28 जनवरी को सु.11 बजे बस स्टॉप वर्धा में जिला प्रमुख आशिष पांडे के नेतृत्व में देवली उपजिला प्रमुख रमेश कडु, वर्धा शहर प्रमुख मिलन गांधी, देवली तालुका प्रमुख सतीश बोरसे, युवा सेना जिला अधिकारी शार्दुल वांदिले के मौजुदगी में चक्काजाम आंदोलन किया गया. इस समय कुमार हातागडे, रितेश इमले, रोहित निगम, गोपाल सबळ, सतीश नायर, बाबाराव पवार, अकील शेख, अमन नारायणे, अमोल ठाकरे, श्रीकांत चिमुरकर, गौरव गोमासे, आशीष मोहोड, गजानन जाधव, ईशाद शाह, नितेश नाडे, संभव इंगोलेसह असंख्य शिवसैनिक मौजुद थे.

# धामनगांव में 41 हजार 846 क्विंटल सोयाबीन की खरीदी

**अमरावती.**



इस सीजन में, गारंटी मूल्य योजना के तहत धामनगांव तहसील के दत्तापुर क्रय और बिक्री समिति द्वारा बाजार यार्ड में संचालित सोयाबीन खरीद केंद्र पर 41,846 क्विंटल सोयाबीन खरीदा गया है। इसकी राशि करीब 20 करोड़ 47 लाख रुपये है। इस बीच, खबर है कि खरीद 31 जनवरी 2025 तक जारी रहेगी। सोयाबीन की खरीद नाफेड और एनसीसीएफ के अंतर्गत राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के माध्यम से चल रही है। सोयाबीन किसानों का पंजीकरण 1 अक्टूबर 2024 से शुरू होगा। इसमें तहसील के 3,600 किसानों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 2,700 किसानों की सोयाबीन की तौल 28 जनवरी तक हो चुकी है।

दत्तापुर क्रय-विक्रय समिति के प्रबंधक मारोती बोकड़े ने जानकारी दी है कि 22 जनवरी तक खरीदा गया सोयाबीन बकाया राशि के रूप में वापस कर दिया गया है।

# वडनेर-टेंभा मार्ग पर अवैध रेत परिवहन करने वाले पर पुलिस की कार्रवाई

**हिंगनघाट.** वडनेर से टेंभा मार्ग पर अवैध रूप से रेत परिवहन करने वाले ट्रैक्टर के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 4 लाख 55 हजार रुपये मूल्य का माल जब्त किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 27 जनवरी की रात करीब 8 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वडनेर-टेंभा मार्ग पर अवैध रूप से रेत की ढुलाई की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को रोककर जांच की, जिसमें बड़ी मात्रा में रेत पाई गई। जब पुलिस ने चालक से रेत परिवहन के लिए आवश्यक परमिट मांगा, तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर समेत कुल 4.55 लाख रुपये मूल्य का माल जब्त कर लिया और इस संबंध में वडनेर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# एसटी की किराया वृद्धि के खिलाफ बस स्थानकों पर शिवसेना ठाकरे गुट का चक्काजाम

**यवतमाल.**




शुक्रवार आधी रात से एसटी बस किराया 15 प्रतिशत बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) आक्रामक है। शिवसेना ठाकरे गुट का कहना है कि जब सभी आम नागरिक पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे हैं तो सरकार द्वारा किराया वृद्धि अनुचित है। राज्य सरकार के इस फैसले के खिलाफ शिवसेना कार्यकर्ताओं ने वणी बस स्टेशन के प्रवेश द्वार पर चक्का जाम किया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह गरीबों पर तमाचा मारने वाली सरकार है. मौजूदा समय में एसटी की हालत बैलगाड़ी जैसी हो गई है, यात्री मुश्किल में सफर कर रहे हैं. एसटी टिकटों में भी भारी बढ़ोतरी हुई है. इस वृद्धि को तुरंत रोकने के लिए आम लोगों को समझाने का काम इस सरकार ने किया है. इस एसटी बस स्टैंड का दो बार उद्घाटन किया गया था. लेकिन आज तक कोई भवन नहीं बना केवल इधर उधर का काम हो रहा है।

### सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

वहीं, यवतमाल बस स्टेशन चौराहे पर भी शिवसेना ठाकरे गुट ने चक्काजाम विरोध प्रदर्शन किया. इस आंदोलन का नेतृत्व यवतमाल वाशिम लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय देशमुख ने किया। इस मौके पर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी. इस आंदोलन में आज बड़ी संख्या में शिवसैनिक शामिल हुए. प्रदर्शन के दौरान यातायात बाधित रहा. किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस की कड़ी व्यवस्था की गई थी।

# गणतंत्र दिवस पर भिन्न कार्यक्रमों का हुआ समापन

**हिंगनघाट.**

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में हिंगणघाट स्थित आगरकर विद्या भवन में विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

दिनांक 23 जनवरी को खेल महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विठ्ठलराव कुकड़े (नांदगांव के प्रतिष्ठित नागरिक) एवं पूर्व उपसरपंच विलासरावजी पाटिल उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व और उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में योगदान के बारे में बताया। 24 जनवरी को साहित्य दिवस मनाया गया, जिसमें भाषण, निबंध लेखन, हस्तलेख और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए गजाननराव बालबुधे (पुलिस पाटिल, वालधुर) और हेमंत शिंदे (सरपंच, वालधुर) निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उकेकर सर एवं सावरकर सर की विशेष उपस्थिति रही। 25 जनवरी को अभिभावकों द्वारा प्रस्तुतिकरण आयोजित किया गया, जिसमें कई अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को रोचक बनाया।



इस अवसर पर डॉ. प्रणाली सायंकर, डॉ. रूपाली कोठारी, प्यारू भाई और दिलीपजी कहुरके बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विभिन्न खाद्य स्टॉल्स का लोगों ने आनंद लिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए वीरपल्ली दांडेकर (वीरमाता), उनके पिता एवं माता, भूतपूर्व सैनिक पुंडलिकराव बकाने तथा एवं कोरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, नृत्य, नाटकों और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजकों ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और गणतंत्र दिवस के इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सभी के सहयोग की सराहना की।

# एसटी बसों में चिल्लर को लेकर हो रही बहसबाजी

## > कंडक्टर व यात्रियों में विवाद

**नागपुर.**

महाराष्ट्र में एसटी बसों का किराया क्या बढ़ा, चिल्लर को लेकर बहसबाजी शुरू हो गयी है। चिल्लर को लेकर यात्रियों और बस कंडक्टर में हर दिन विवाद हो रहे है। हालांकि,किराया बढ़ने से भी यात्रियों में नाराजगी देखी जा रही है। दरअसल, एसटी ने 25 जनवरी 2025 से किराये में वृद्धि कर दी है। लगभग 15 प्रतिशत किराया बढ़ाया गया है। जिससे यात्रियों की जेब ढीली हो रही है। किराया वृद्धि के अलावा यात्रियों को चिल्लर की किल्लत से भी परेशानी हो रही है। बता दे, कि इससे पहले हुई किराया वृद्धि में 5 व 10 रुपये के हिसाब से किराया बढ़ाया गया था। ऐसे में किसी भी स्टॉपेज का किराया 5 या 10 रुपये में आता था। जैसे 110 या 115 रूपये लेकिन अब बढ़ाये गए किराये में कोई राउंड ऑफ का पैर्टन नहीं लागू किया गया है। जिससे किराया 111 या 118 रूपये जैसी संख्या में सामने आ रहा है। परिणामस्वरुप चिल्लर के लिए आये दिन यात्री व कंडक्टर में विवाद हो रहे हैं। कई बार तो चिल्लर की किल्लत के कारण यात्रियों को बस



तक छोड़ना पड़ रहा है। बता दें कि, आम यात्रियों के लिए एसटी का सफर बेहद महत्वपूर्ण है। जिसके चलते आये दिन बड़ी संख्या में यात्री एसटी बसों पर निर्भर रहते हैं। केवल नागपुर विभाग की बात करें तो यहां कुल 419 बसें है, जिनके भरोसे प्रति दिन 1 लाख 20 हजार से लेकर 1 लाख 40 हजार तक यात्री निर्भर रहते हैं। अभी तक बसों में किसी भी स्टॉपेज का किराया 5 व 10 रुपये के पैटर्न में लिया जा रहा था। लेकिन हाल ही में किराया वृद्धि के बाद पैटर्न बदल गया है। किराया 11 रुपये लेकर 19 रुपये जैसे पैटर्न में सामने आ रहा है। जिससे की 3, 4, 6, 7, रुपये की कील्लत यात्रियों को सहनी पड़ रही है। जैसे पहले नागपुर से काटोल का किराया 90 रुपये था। ऐसे में 100 का नोट देने पर 10 रुपये वापिस करने पड़ रहे थें। जिससे की दिक्कते नहीं हो रही थी। लेकिन अब काटोल का किराया 102 रुपये हो गये हैं। ऐसे में यात्रियों को 110 रुपये देने पड़ रहे हैं। जिसके बाद कंडेक्टर को 8 रुपये वापिस देने पड़ते हैं। लेकिन कई बार कंडेक्टर के पास 8 रुपये चिल्लर नहीं रहते हैं, ऐसे में वह यात्रियों से 2 रुपये चिल्लर मांगते हैं। लेकिन आमतौर पर सभी यात्रियों के पास 2 रुपये चिल्लर नहीं रहते हैं। ऐसे में चिल्लर को लेकर काफी अनबन होती है।

### नहीं मिलते पैसे वापस

कई बार कंडेक्टर द्वारा चिल्लर नहीं रहने पर टिकट पर बाकी पैसों को लिखा जाता है। वही यात्री से कहा जाता है, जब भी स्टॉपेज आये मांग लेना। लेकिन कई बार तो न तो कंडेक्टर को यह बात याद रहती है और न ही यात्री इसे याद रख पाता है। ऐसे में यात्रियों को चिल्लर वापिस नहीं मिलने की स्थिति सामने आती है। इसके अलावा कई बार चिल्लर की कील्लत से यात्रियों को बस से उतर भी जाना पड़ रहा है।

### इसलिए होती है समस्या

रामटेक का पहले किराया 70 था अब 81, सावनेर का पहले 60 अभी 71, वरूड का पहले 160 था अब 182, भंडारा का पहले 95 अभी 112 रुपये, लाखनी पहले 130 अब 152, साकोली पहले 165 अभी 192, तुमसर पहले 150 अब 172 रुपये, गोंदिया का पहले 255 वी अब 292, वर्धा का पहले 115 वही अब 142, हिंगणघाट का 115 वही अब 132 रुपये लगभग सभी जगहों का किराया इसी तरह बढ़ाया है।

# निंबाजी वस्ताद अखाड़ा कामठी में सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलन का केंद्र बनेगा: सुलेखा कुंभारे

## > अजय कदम के नेतृत्व में अद्भुत वास्तुकला का निर्माण: सावरकर






**कामठी.**

कामठी शहर में कोई भव्य सभागृह न होने के कारण लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने में असमर्थ थे। लेकिन अब श्री निंबाजी अखाड़ा व्यायाम शाला के निर्माण से इस समस्या का समाधान हो गया है। नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम की पहल पर बनाए गए इस भवन का लोकार्पण समारोह अत्यंत हर्षजनक रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत गोयल टॉकीज चौक स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई, जिसे पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर, एड. सुलेखा कुंभारे और अजय कदम ने सामूहिक रूप से अर्पित किया। इसके बाद बैंड बाजा और आतिशबाजी के साथ एक पदयात्रा भी निकाली गई, जिसमें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर ने हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पूजा अर्चना की और मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने इस भव्य निर्माण के लिए अजय कदम और उनके सहयोगियों को बधाई दी और कहा कि उनके कार्यकाल में विधायक निधि से इस भवन के निर्माण के लिए धन उपलब्ध कराया गया था। हालांकि, इस कार्यक्रम में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के न आने पर उन्होंने खेद व्यक्त किया। निंबाजी वस्ताद अखाड़ा व्यायाम शाला संस्था और निंबाजी सामाजिक कौशल विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 24 जनवरी से 28 जनवरी तक पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में पूजा, हवन, आरती, शोभायात्रा, और धार्मिक अनुष्ठान किए गए, जिनमें महिलाओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रामेश्वर बावनकर, अरविंद बावनकर, दीपक सिरीया, राजेश शर्मा, विशाल गभणे, शैलेश भुजाडे, संजय केसरवाणी, और कई अन्य लोगों ने कड़ी मेहनत की। कार्यक्रम का संचालन ज्योती भगत और आभार प्रदर्शन मंगेश गोमकर ने किया।

# बैतूल की जोड़ी को मिला पट स्पर्धा का प्रथम पुरस्कार



**सौंसर.** मोहगांव हवेली में युवा शेतकरी संगठन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बैतूल के रामप्रसाद राठौर की सयुक्त भागड बैलजोडी ने जीता है। वार्ड पांच के मैदान पर पट स्पर्धा में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के वयोवश्द्ध नागरिक पंढरी कलंबे ने की। पूर्व मंत्री नाना भाउ मोहड, नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप घाटोडे,पूर्व नपा सौसर अध्यक्ष संजय राठी और अशोक सुधा के हाथों विजेता पट बैलजोडी को पुरस्कार वितरण किया गयां।

आयोजन समिति के मनोज कंलबे ने हर वर्ष होने वाले पट स्पर्धा की जानकारी देते हुए बताया कि पट में प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र के पट प्रेमी शामिल हुए थें। कार्यक्रम में पार्षद और नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। यह पट बैलजोडी हुई पुरुस्कृत -पट स्पर्धा में प्रथम के अलावा दुसरा पुरस्कार मालेगांव के सारांश मोहड़,तीसरा आरआर पटेल, चतुर्थ समीर पाटिल, पांचवा नसीर पठान की पट जोड़ी को मिला है।

# अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन: 120 बच्चों ने लिया हिस्सा



**मालापुर.**

मध्यप्रदेश ईको पर्यटन बोर्ड एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वन परिक्षेत्र अम्बाडा अंतर्गत मालापुर में प्रतिवर्षानुसार अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन एल. के. वासनिक, वनमंडलाधिकारी, दक्षिण छिन्दवाड़ा ने किया, जबकि श्री प्रमोद चोपड़े, उप वनमंडलाधिकारी सौंसर के निर्देशन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में आस-पास स्थित शासकीय स्कूल अम्बाडा और नांदनवाडी के लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने प्रातः नेचर ट्रेल एवं वन भ्रमण का हिस्सा लिया, जिसमें उन्हें वन एवं वन्यजीव संरक्षण, पारिस्थितिकी, पर्यावरण और ईको पर्यटन के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान, मास्टर ट्रेनर जे. पी. शिवहरे, सेवानिवृत्त अपर वनमंडलाधिकारी ने बच्चों को जंगल के अंदर ट्रेकिंग, पक्षी दर्शन, वन्यप्राणियों, पेड़-पौधों की पहचान और उनके महत्व के बारे में बताया। दोपहर के भोजन के बाद, क्विज प्रतियोगिता, अनुभूति कार्यक्रम से संबंधित तात्कालिक पत्र लेखन और प्रश्नमंच का आयोजन किया गया।

इस वर्ष की अनुभूति थीम "हम हैं बदलाव" और "मैं भी बाघ" थी, जिन पर मास्टर ट्रेनर ने विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में श्री कृष्णाजी सरेयाम, मंडल अध्यक्ष नांदनवाडी, श्री मनोहरजी डांगे मंडल अध्यक्ष तिगांव, गोविन्दराव धुर्वे, अध्यक्ष ग्राम पंचायत मालापुर और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया और विद्यार्थियों को वन संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में श्री शिवकुमार गुर्जर, वन परिक्षेत्र अधिकारी अम्बाडा, दिनेश बोडखें, वनपाल, पुरूषोत्तम बोबडे, कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल और विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ वन परिक्षेत्र अम्बाडा के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की समाप्ति के साथ ही बच्चों में वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

# गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**नागपुर.**

गांधी गेट महल व्यापारी सेवा मंडल के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांधी गेट के ऊपर ध्वजारोहण किया गया, जिसे राजेन्द्र हायस्कूल के सचिव मोहन नाहतकर ने संपन्न किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिन प्रकाश नाईक (सहसंयोजक, प्रभाग क्र. 18, भाजपा) ने की। इस दौरान मोहन नाहतकर, सचिन प्रकाश नाईक, अर्चना नाहतकर और गुरुबच्चन सिंह सेहमी का स्वागत वासुदेव माकडे, अतुल नाईक, सतीश गर्जलवार, पवन बजाज और तैय्यब आरिफ द्वारा किया गया।

समारोह का संचालन मिलींद येवले ने किया, जबकि आभार मंडल के सचिव तैय्यब आरिफ ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अभिलाष



मोहबे, अमरसिंग बिनवार, मनोहर, अनिल बाचकवार, मंडल के अन्य सदस्य एवं परिसर के नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के जोश और उमंग के साथ गणतंत्र दिवस की गौरवशाली परंपरा का सम्मान किया गया।

# पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र कुमार सिंगल ने किया टिकटों का उद्घाटन



**नागपुर.**

पुलिस आयुक्त डॉ. रवीन्द्र कुमार सिंगल ने 6 फरवरी, 2025 को भारत और इंग्लैंड के बीच जामठा स्टेडियम में होने वाले पहले वनडे मैच के लिए वीसीए लाइफ मेंबर्स और संबद्ध क्लबों के लिए टिकटों की बिक्री का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर वीसीए सिविल लाइंस स्टेडियम परिसर में वीसीए के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विनय एम. देशपांडे (बॉम्बे उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश), उपाध्यक्ष डॉ. अविनाश देशमुख, सचिव संजय बड़कस, संयुक्त सचिव श्री गौतम काले, कोषाध्यक्ष सीए अर्जुन फाटक, आयोजन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट आनंद देशपांडे और वीसीए के कई सदस्य और अधिकारी उपस्थित थे। यह उद्घाटन समारोह समृद्ध माहौल में सम्पन्न हुआ और उपस्थित सभी लोगों ने आगामी वनडे मैच के आयोजन की सफलता की कामना की।

# मनरेगा कर्मचारियों की अनियमितता की हो जांच

## सरपंच संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सौंसर.**

जनपद पंचायत की मनरेगा शाखा द्वारा मनरेगा के कार्यों में आए दिन की जा रही अनियमितता को लेकर सरपंच एकजुट हो रहे हैं. विगत दिनों ग्राम पंचायत घोटी के पुलिया निर्माण के एवज में चढ़ाए गए फर्जी बिलों की निष्पक्ष जांच करने की मांग को लेकर सरपंच संगठन ने एसडीएम सिद्धार्थ पटेल को ज्ञापन सौंपा है।

सोमवार को दिए ज्ञापन में संगठन ने कहा है कि ग्राम पंचायत घोटी में मनरेगा योजना के अंतर्गत पुलिया निर्माण होना था,जो कुछ कारण वश नहीं हो पाया था। इसी मौके का फायदा उठाते हुए जनपद पंचायत के मनरेगा के जिम्मेदार कर्मचारियों द्वारा पुलिया निर्माण के अपने मर्जी से एक - एक लाख के नौ बिल चढ़ाए गए जो कि नौ लाख रुपए के हैं । घोटी सरपंच को इस बिल का पता चलते ही पोर्टल पर चढ़ाए बिल को तुरंत डिलीट कर लिया गया। ज्ञापन में कहा है कि यह सभी बिल सरपंच के विना संज्ञान में किया गया कार्य है जो निंदनीय है। सरपंचों ने एसडीएम से कहा की मनरेगा कर्मचारी अपनी मर्जी से पंचायत के बिना जानकारी से बिल चढ़ाए यह एक पंचायत में हुआ है, इसकी पुनरावृति न हो इसलिए




इसकी निष्पक्ष जांच कर संबंधित कर्मचारी पर कार्यवाही की जाए। संगठन पदाधिकारियों का कहना है कि एक सप्ताह के भीतर इसकी जांच कर दोषियों पर आवश्यक कार्यवाही नहीं होती है तो सरपंच संगठन द्वारा जिला मुख्यालय पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने सरपंच दिनेश भलावी, नितेश ठाकरे, सूर्यभान चिकटे, गोमा उइके, चंद्रशेखर कहाते, प्रमोद पातुरकर, मनोज ठाकरे, हरिदास धुर्वे , देवराव सितकारे, गणेश बावने संगीता ठाकरे, विनोद अंबुरे, अनिल परतेती, प्रियंका बल्कि, वर्षा भोयर, संगीता गावंडे, सुनील जोगी और सरपंच ज्ञापन सौंपने उपस्थित थे।



| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 156-2 | 355-3 |
| श्रीदेवी नाईट | 489-1 | 590-4 |
| प्रभात | 389-0 | 126-9 |
| प्रभात नाईट | 270-9 | - |
| डायमंड | 780-5 | 199-9 |
| मेन बाजार | 480-2 | - |
| मिलन डे | 477-8 | 558-8 |
| मेन रतन | 470-1 | 580-3 |
| कल्याण | 250-7 | 369-8 |
| राजधानी डे | 357-5 | 235-0 |
| राजधानी नाईट | 588-1 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 245-1 | 128-1 |



# मेधावी छात्रों को वंजारी स्मृति पुरस्कार वितरित

**सौंसर.**

प्रतिवर्षानुसार गणतंत्र दिवस समारोह में मोहगांव हवेली नगर के मेधावी छात्रों को स्व. शालिग्राम डोमाजी वंजारी स्मृति पुरस्कार तथा स्व. कल्पना शालिग्राम वंजारी स्मृति पुरस्कार का वितरण, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. गोपाल वंजारी के हाथों किया गया। पुरस्कार में स्मृति चिन्ह (शिल्ड), प्रमाण पत्र एवं 1000 रु. नगद राशि दी जाती हैं। स्व. शालिग्राम डोमाजी वंजारी स्मृति पुरस्कार 2025 नगर में सर्वाधिक अंक लेकर बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले जिया पार्वेकर, भूषण डोंगरे, अनुज बडनगरे, कु. रामेश्वरी हिंगवे तथा अभिषेक जौंजाळ को डॉ. गोपाल वंजारी के हाथों प्रदान किया गया।



उसी प्रकार स्व. कल्पना शालिग्राम वंजारी स्मृति पुरस्कार कु. तनुश्री येलकर, अखिलेश किनकर, ध्रुव रोकड़े, कु. मयुरी घाटोड़े तथा विशाल चरपे को डॉ. गोपाल वंजारी के हाथों प्रदान किया गया। इस अवसर पर मोहगांव नपाध्यक्ष संदीप घाटोडे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंद्रमोहन गरमे, प्राचार्य प्रभाकर वंजारी, नपा उपाध्यक्ष, नपा सभापति गण, पार्षद गण, सभी शासकीय संस्थाओं के प्रमुख, गणमान्य नागरिक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। ग्राम रझाड़ी पिपला में भी गणतंत्र दिवस समारोह में मेधावी छात्रों को शासकीय हाईस्कूल रझाड़ी पिपला की प्रिंसिपल श्रीमती ममता वंजारी के हाथों शिल्ड, प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया जिसमें कु. रुपाली खवसे, कु. अवनी पराड़कर, कु. सुजाता घागरे, कु. धनश्री कांजरीकर, कु. रिया डिगरसे तथा कु. रानु मसराम को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रझाड़ी पिपला सरपंच यमुनाबाई कुमरे, उपसरपंच, पंच, पूर्व सरपंच, ग्राम के गणमान्य नागरिक, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# अमनदीप सिंह की विस्फोटक पारी से साईं बाबा इलेवन की धमाकेदार जीत

**नागपुर.**

कड़बी चौक स्थित मेकोसाबाग मेथोडिस्ट स्कूल ग्राउंड पर चल रहे रॉयल प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन 9 में रोमांचक मुकाबले जारी हैं। टूर्नामेंट में रविवार को खेले गए मैचों में साईं बाबा इलेवन, आई जगदंबा वारियर्स, शिव शक्ति क्रिकेट क्लब, दोस्ती इलेवन, डीएनए कैम्पटी और साईं आकार इलेवन ने शानदार जीत दर्ज की।

दिन के पहले मुकाबले में साईं बाबा इलेवन ने बिग बॉस इलेवन को 45 रनों से मात दी। इस मुकाबले में अमनदीप सिंह ने अपनी धुआंधार बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने 28 गेंदों में 13 छक्कों और 2 चौकों की मदद से नाबाद 93 रन बनाए। उनकी इस बेहतरीन पारी की बदौलत साईं बाबा इलेवन ने निर्धारित 8 ओवरों में 3 विकेट पर 120 रन




का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में बिग बॉस इलेवन की टीम 7 विकेट खोकर 75 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। सत्यम कुमार ने 39 रन और रोहित गेदम ने 18 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके। रोहित शिवनानी ने साईं बाबा इलेवन के लिए 2 विकेट झटके। इसके बाद हुए मैच में शिव शक्ति क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एसएंडएस स्टडी सर्किल को 10 विकेट से हराया। वहीं, एक रोमांचक मुकाबले में दोस्ती इलेवन ने रेस्ट ऑफ सदर को 3 विकेट से मात दी। इस मैच में हर्षल असकर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसके लिए उन्हें मुल्लाजी जिल्ला बिरयानी के मालिक मोहम्मद मुसैब और संदेश सर ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। डीएनए कैम्पटी और साईं आकार इलेवन की शानदार जीत एक अन्य मुकाबले में डीएनए कैम्पटी ने हुसैनी बॉयज को 70 रन से हराया। इसके अलावा साईं आकार इलेवन ने कॉप्स इलेवन को 3 विकेट से पराजित किया। टूर्नामेंट में रोमांच बढ़ा, अगले मैचों पर टिकी नजरें टूर्नामेंट के आयोजकों रॉयल क्रिकेट एसोसिएशन, डॉ. संदीप शिंदे के बाबूजी फाउंडेशन और हाजियानी जुबेदा अब्दुल रज्जाक चैरिटेबल ट्रस्ट के अनुसार, आने वाले दिनों में मुकाबले और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। सभी टीमों का प्रदर्शन शानदार रहा है, जिससे टूर्नामेंट का उत्साह और भी बढ़ गया है। आने वाले मैचों में कुछ कड़े मुकाबले देखने को मिल सकते हैं, जिसमें टीमें सेमीफाइनल और फाइनल में जगह बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक देंगी। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह टूर्नामेंट बेहद दिलचस्प साबित हो रहा है।

# इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन सौसर टीम ने शहीदों को याद किया

**सौंसर.**

भारतीय सैनिकों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन (आईवीओ) छिंदवाड़ा जिला टीम सौसर ने आज सुबह 7:30 बजे जय स्तंभ सौसर के तहसील परिसर में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रथम एसडीएम सिद्धार्थ पटेल और सेवारत नायब सूबेदार बृजेश गांवनेकर द्वारा पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

समारोह के दौरान "भारत माता की जय" और "शहीद जवान अमर रहे" के गगनभेदी नारे लगाए गए। इसके साथ ही वंदे मातरम का उद्घोष भी किया गया। इस अवसर पर सभी को गणतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। ध्वजारोहण के कार्यक्रम में आईवीओ के सदस्य और गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके बाद, 8:15 बजे रेलवे पुलिस थाना सौसर में भी ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।



सभी सदस्य एक्सीलेंस स्कूल में जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण और परेड की सलामी देने के लिए पहुंचे। इस कार्यक्रम में आईवीओ के जिला महासचिव प्रदीप कलसकर, तहसील सचिव रमेश गौतम, निर्णायक समिति के सदस्य, सेवारत नायब सूबेदार बृजेश गांवनेकर और नायब सूबेदार निरंजन मुलकर के साथ-साथ वेटरन राजेश्वर परतेती, आशीष ठाकरे, एसएम विलास आमने, फूल सिंह इवनाती, युवा साथी राजेश हेड़ाऊ, भूषण आंबडकर, वैभव साखरकर, पुरुषोत्तम कलसकर, वृक्षमित्र अरूण ठाकरे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह आयोजन भारतीय सैनिकों के बलिदान और उनकी सेवा के प्रति सम्मान को दर्शाता है।